No. 5/1/2020-CPI
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT
LABOUR BUREAU

'CLEREMONT', SHIMLA-171004
DATED: 30th April, 2020

**Press Release**

**Consumer Price Index for Industrial Workers (CPI-IW) – March, 2020**

The All-India CPI-IW for March, 2020 decreased by two points and stood at 326 (three hundred and twenty six). On 1-month percentage change, it went down by (-) 0.61 per cent between January and February, 2020 compared to (+) 0.65 per cent increase between corresponding months of previous year.

The maximum downward pressure to the change in current index came from Food group contributing (-) 1.28 percentage points to the total change. At item level, Onion, Garlic, Poultry Chicken, Eggs-Hen, Brinjal, Cabbage, Carrot, Drum Stick, French Bean, Potato, Tomato, Petrol, Flowers/Flower Garlands, etc. are responsible for the decrease in index. However, this decrease was checked by Wheat, Grinding Charges, Moong Dal, Goat Meat, Fish Fresh, Milk-Buffalo, Pure Ghee, Tamarind, Gourd, Parval, Apple, Coconut, Hot Drink-Tea (Readymade), Cooking Gas, etc., putting upward pressure on the index.

Year-on-year inflation based on all-items stood at 5.50 per cent for March, 2020 as compared to 6.84 per cent for the previous month and 7.67 per cent during the corresponding month of the previous year. Similarly, Food inflation stood at 6.67 per cent against 8.33 per cent of the previous month and 3.96 per cent during the corresponding month an year ago.

At centre level, Tiruchirapally, Vishakhapathnam and Salem recorded the maximum decrease of 8 points each followed by Mysore (7 points) and Bengaluru, Coimbatore and Madurai (6 points each). Among others, 5 points decrease was observed in 5 centres, 4 points in another 5 centres, 3 points in 6 centres, 2 points in 11 centres and 1 point in 10 centres. On the contrary, Rajkot, Lucknow and Kodarma recorded a maximum increase of 5 points each followed by Goa (4 points). Among others, 3 points increase was observed in 3 centres, 2 points in another 3 centres and 1 point in 5 centres. Rest of 19 centres' indices remained stationary.

The indices of 33 centres are above All-India Index and 45 centres' indices are below national average.

The next issue of CPI-IW for the month of April, 2020 will be released on Friday 29th May, 2020. The same will also be available on the office website *www.labourbureaunew.gov.in*.

(AMRIT LAL JANGID)
DEPUTY DIRECTOR

संख्या-5/1/2020-सी.पी.आई.
भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
श्रम ब्यूरो

'क्लेरेमोंट', शिमला-171 004
दिनांक : 30 अप्रैल, 2020

**प्रेस विज्ञप्ति**

**औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक - मार्च, 2020**

मार्च, 2020 का औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 2 अंक घटकर 326 (तीन सौ छब्बीस) अंकों के स्तर पर रहा। सूचकांक में जनवरी एवं फरवरी, 2020 के बीच 0.61 प्रतिशत की कमी रही जबकि पिछले वर्ष इन्हीं दो महीनों के बीच 0.65 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

सूचकांक में दर्ज कमी में अधिकतम योगदान खाद्य समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को (-) 1.28 बिंदु प्रतिशत्ता का प्रभाव डाल कम किया। मदों में, प्याज, लहसुन, पोल्ट्री चिकन, अण्डा-मुर्गी, बैंगन, बंद गोभी, गाजर, सहजन, फ्रेंच बीन, आलू, टमाटर, पेट्रोल, फूल/फूल मालाएँ, इत्यादि सूचकांक को घटाने में सहायक रहे। इसके विपरीत, गेहूँ, पिसाई शुल्क, मूंग दाल, बकरे का मांस, ताजी मछली, भैंस का दूध, शुद्ध घीं, ईमली, लौकी, परवल, सेब, नारियल, गर्म पेय-चाय तैयार, रसोई गैस, इत्यादि ने सूचकांक में दर्ज कमी को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

मार्च, 2020 के लिए मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 6.84 प्रतिशत तथा गत वर्ष के इसी माह के 7.67 प्रतिशत की तुलना में 5.50 प्रतिशत रही। खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के 8.33 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के 3.96 प्रतिशत की तुलना में 6.67 प्रतिशत रही।

केन्द्र-स्तर पर, तिरूचिरापल्ली, विशाखापत्तनम एवं सेलम प्रत्येक के सूचकांक में अधिकतम 8 अंक की कमी रही जिसके बाद मैसूर में 7 अंक तथा बेंगलूरु, कोयम्बटूर एवं मदुरई प्रत्येक में 6 अंक की कमी पाई गई। अन्य 5 केन्द्रों में 5 अंक, दूसरे अन्य 5 केन्द्रों में 4 अंक, 6 केन्द्रों में 3 अंक, 11 केन्द्रों में 2 अंक तथा 10 केन्द्रों में 1 अंक की कमी रही। इसके विपरीत, राजकोट, लखनऊ एवं कोडरमा प्रत्येक में 5 अंक की वृद्धि पाई गई जिसके बाद गोवा में 4 अंक की वृद्धि रही। अन्य 3 केन्द्रों में 3 अंक, दूसरे अन्य 3 केन्द्रों में 2 अंक तथा 5 केन्द्रों में 1 अंक की वृद्धि पाई गई। शेष 19 केन्द्रों के सूचकांक स्थिर रहे।

33 केन्द्रों के सूचकांक अखिल-भारत सूचकांक से ऊपर तथा 45 केन्द्रों के सूचकांक राष्ट्रीय औसत से नीचे रहे।

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. की आगामी कड़ी अप्रैल, 2020 माह के लिए दिन शुक्रवार, मई 29, 2020 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाइट www.labourbureaunew.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगा।

(अमृत लाल जांगिड़)
उप निदेशक